आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 12.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्य के लोक निर्माण, सिंचाई, पशुपालन, स्कूली शिक्षा, कौशल और तकनीकी शिक्षा विभाग को 24 घंटे के भीतर लगभग 383 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट तत्काल नाबार्ड को भेजने के निर्देश।
- राजधानी देहरादून में निर्धारित मानक से ज्यादा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा।
- विश्व बैंक के अनुसार, भारत अगले तीन वित्त वर्षों में छह दशमलव सात प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मुख्य सचिव नाबार्ड

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, पशुपालन, स्कूली शिक्षा, कौशल और तकनीकी शिक्षा विभाग को 24 घंटे के भीतर अवशेष लगभग 383 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट तत्काल नाबार्ड को भेजने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने 31 जुलाई तक सभी विभागों को अपनी विस्तृत परियोजना रिर्पोट– डीपीआर वित्त विभाग को भेजने को भी कहा है। आज सचिवालय में नाबार्ड की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान मुख्य सचिव ने विभागों को अपने प्रोजेक्ट के प्रस्ताव, आहरण, प्रोजेक्ट अनुपालन सर्टिफिकेट और प्रोजेक्ट अनुपालन रिपोर्ट को ऑनलाइन जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को सख्त हिदायत दी है कि नाबार्ड को सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाले और योग्य प्रोजेक्ट ही प्रस्तावित किए जाएं। इसके अलावा मुख्य सचिव ने विभागों को शहरी अवसंरचना विकास निधि के तहत पार्किंग, मलिन बस्तियों के पुनर्विकास और शहरी वनीकरण के प्रोजेक्ट को शीर्ष प्राथमिकता के साथ नाबार्ड को भेजने के निर्देश दिए हैं।

ध्वनि प्रदूषण बायलॉज

देहरादून में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए नगर निगम ने बायलॉज तैयार किया है। इसके लागू होने के बाद निर्धारित मानक से ज्यादा ध्वनि होने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त शान्ति प्रसाद जोशी ने बताया कि देहरादून को शांत क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र, वाणिज्य क्षेत्र और औधोगिक क्षेत्र में बांटा गया है। इन क्षेत्रों में दिन और रात के समय ध्वनि के मानक– डेसीबल तय किया गए हैं।
श्री जोशी ने बताया कि नगर निगम के पास प्रशिक्षित स्टाफ और उपकरण की कमी को देखते हुए इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मदद ली जा रही है। सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि बायलॉज को गजट के लिये रुड़की भेजा जा रहा है और वहां से बायलॉज आने के बाद इसे देहरादून में प्रभावी रूप से लागू कर दिया जायगा।

नीट प्रश्नावली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट 2024 परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की 4 तारीख को घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों को देखते हुए यह प्रश्नावली जारी की गई है।
परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए कृपांक देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर, एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में 718 और 719 अंक कैसे प्राप्त कर सकता है? इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि कृपांकों के कारण, दो परीक्षार्थियों को 718 और 719 अंक प्राप्त हुए।
केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में एक हजार 500 से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

कृषि मंत्री नियुक्ति पत्र

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में लोक सेवा आयोग के माध्यम से कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक कृषि सहायक अधिकारी वर्ग–1 के पद पर चयनित 31 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनायें देते हुए सभी नवनियुक्त कार्मिकों को उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने में जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा चुनाव से पहले छह हजार से अधिक लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा नियुक्ति पत्र

मिल चुके है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है।

## लोकसभा एवं राज्यसभा सत्र

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा का सत्र भी इस महीने की 27 तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की 3 तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।
श्री रिजिजू ने कहा कि जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री जिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

## आपदा कार्यशाला

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज देहरादून में ''उत्तराखंड में भूस्खलन प्रबंधन एवं जोखिम न्यूनीकरण'' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान वक्तताओं ने भूस्खलन के प्रभाव और बचाव पर विस्तार से जानकारी दी। राज्य आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड में भूस्खलन का प्रभाव बना रहता है। इसे पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। इसी को लेकर कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जा रही है।

## विश्व बैंक रिपोर्ट

विश्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले तीन वित्तीय वर्षों में छह दशमलव सात प्रतिशत की स्थिर विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह वृद्धि घरेलू मांग, निवेश में वृद्धि और सेवा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों से प्रेरित है।
वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में, विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए भारत के लिए विकास पूर्वानुमान को छह दशमलव छह प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने वर्ष वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान छह दशमलव पांच प्रतिशत से बढ़ाकर छह दशमलव आठ प्रतिशत किया था।

## जल उत्सव सप्ताह

नैनीताल जिले में जल संरक्षण अभियान के तहत जल उत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बेतालघाट विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट में शिप्रा नदी क्षेत्र में बड़े स्तर पर जल संरक्षण, संवर्धन और सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में विभिन्न विभागों, जिला स्तर पर संचालित स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने आने वाले समय में जल संकट को बचाने के उपाय साझा किए।

## मौसम

प्रदेश में कल भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने राज्य के मैदानी हिस्सों में कल अत्यधिक गर्मी और कहीं–कहीं लू चलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में राज्य के तापमान में और अधिक बढोतरी देखने को मिल सकती है। पिछले चौबीस घण्टो में राज्य में सबसे अधिक तापमान रूड़की में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अत्यधिक गर्मी की चेतावनी के मद्देनज़र लोगों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।